सार-समाचार

दैया सैनी समाज के पुनः निर्विरोध अध्यक्ष बने

सीकर (निसं)। सैनी समाज संस्था सीकर की बुधवार को सैनी विश्राम सदन में आयोजित साधारण सभा की बैठक में वर्तमान अध्यक्ष राज कुमार दैया को पुनः सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। सभा के प्रारंभ में सभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश सैनी मिलन ने समाज को कुशल नेतृत्व प्रदान करने वाले वर्तमान अध्यक्ष राज कुमार दैया के नाम का प्रस्ताव किया जिसका गोविंद राम कटारिया, आनंद कुमार टाक, रामगोपाल राकसिया, मंगलचंद समर्थपुरा, मदनलाल काकडवाल, मदनलाल सैनी मैनेजर, मांगीलाल इंदौरिया, किशोर पंवार, पुरुषोत्तम सैनी, वैद्य रिछपाल सैनी, घीसालाल पंवार, विष्णु सिंगोदिया, मुकेश खडोलिया, मनोज सिंगोदिया, हरिराम सैनी नर्सरी, रामनिवास सैनी, मन्नालाल सैनी, महावीर कॉमरेड शिवसिंह पुरा सरपंच, गणपत समर्थपुरा, गोपाल समर्थपुरा, राहुल, मनोज सिंगोदिया, रामावतार सैनी, सुरेश अन्ना, नोरंग लाल सैनी, प्रहलाद पवार, नागरमल समर्थपुरा, नेमीचंद इंदौरिया सहित समस्त सदस्यों ने पुरजोर करतल ध्वनि से प्रस्ताव का समर्थन किया तत्पश्चात निर्वाचन अधिकारी भोलाराम सैनी ने राजकुमार दैया के सैनी समाज संस्था के अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मत निर्वाचन की घोषणा की तथा निर्वाचन का प्रमाण पत्र सौंपा। निर्वाचन की घोषणा होते ही सभी ने माल्यार्पण कर श्री दैया का अभिनंदन किया। संरक्षक भंवरलाल गार्ड द्वारा साफा पहनाकर स्वागत किया गया तथा लड्डुओं से मुंह मीठा करवाया। निर्वाचन के बाद श्री दैया ने समाज की आशाओं और अपेक्षाओं पर सदैव खरा उतरने का विश्वास दिलाया तथा पुनः विश्वास व्यक्त करने के लिए समाज के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रेम प्रकाश सैनी ने श्री दैया के नेतृत्व में समाज की प्रगति का विश्वास व्यक्त किया।

सेवा पखवाड़े का शुभारंभ

रतनगढ़ (निसं)। भारतीय जनता पार्टी रतनगढ़ शहर मंडल द्वारा विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। शहर मंडल अध्यक्ष महेश सैनी ने बताया कि पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि के नेतृत्व में स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने अलसुबह बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा, अस्पताल परिसर एवं भाईजी हनुमान प्रसाद जी पोद्दार की मूर्ति पर सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता के माध्यम से सेवा का संकल्प लिया। यह पखवाड़ा आगामी 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक चलाया जाएगा जिसके अंतर्गत विभिन्न सेवा कार्य भारतीय जनता पार्टी द्वारा क्षेत्र में किए जाएंगे। पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केसुस्वास्थ्य की मंगल कामना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री युगदृष्टा एवं अद्भुत व्यक्तित्व के धनी है उनकी सोच का कोई पार नहीं है , बीते 11 सालों में विभिन्न नवाचारों के साथ उन्होंने देश को आत्मनिर्भरता की भावना से जोड़ा है। वे सदैव एक प्रधान सेवक के रूप में राष्ट्र को अपना जीवन समर्पित कर रहे हैं जो की अनुकरणीय है। स्वच्छता अभियान के दौरान भाजपा के जिला उपाध्यक्ष भागीरथ सिंह राठौड़, भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवभगवान कम्मा, बजरंग लाल गुर्जर, निरंजन रुथला,सन्तोष तालनिया, अर्जुन सिंह फ्रांसा, दीनदयाल पारीक,ओम महर्षि,किशन सैनी, बलवीर स्वामी, अरुण पंचलगिया, भीमराज प्रजापत,प्रवीण शर्मा, सुनील शर्मा, एस आई शुभकरण चांवरिया सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

रक्तदाताओं को सम्मानित किया

तारानगर (निसं)। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के सौजन्य से तारानगर के ओसवाल पंचायत भवन में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व विधान सभा प्रत्याशी एवं भाजपा नेता राकेश जांगिड़, जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, नगर अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल, जिला उपाध्यक्ष नरेश सहारण आदि ने शिरकत की। जांगिड़ व शर्मा ने रक्तदाता का रक्तदान करवा शिविर का शुभारंभ किया एवं रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सर्वसमाज के पुरुष व महिलाओं ने पूरे जोश के साथ शिविर में भाग लिया एवं रक्तदान किया। सामाजिक कार्यकर्ता मोहित जैन ने बताया कि शिविर में कुल 101 लोगों ने रक्तदान किया। जयपुर के एसएमएस व दुर्लभ हॉस्पिटल के ब्लड बैंक टीम ने रक्त संग्रहण में सेवाएं दी। इस मोके पर जमरदीन तेली, हरी इंदौरिया, राधेश्याम जोशी, सुशील सरावगी, त्रिलोक रेगर, राकेश टाक, फारूक मिस्त्री, साबिर हुसैन, रामावतार सैनी, मोहित जैन, पंकज जांगिड आदि मौजूद रहे।

नगर परिषद के जर्जर भवन को ध्वस्त किया

चूरू (निसं)। नगर परिषद ने बुधवार को रेलवे स्टेशन के पास स्थित पुराने चुंगी नाका भवन को ध्वस्त कर दिया। नगर परिषद की टीम ने बुधवार प्रातः 6:30 बजे से ही दो जेसीबी मशीनों की सहायता से कार्रवाई शुरू की। यह भवन नगर परिषद के पुराने रिकॉर्ड में दर्ज था। जर्जर अवस्था में होने के बावजूद इस पर अवैध कब्जा किया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान क्षेत्र में पुलिस जाप्ता तैनात किया गया। पुलिस की मौजूदगी से माहौल शांतिपूर्ण रहा और कार्रवाई बिना किसी विरोध के पूरी हुई। जर्जर भवन हटने से अतिक्रमण समाप्त हुआ और आमजन के लिए आवागमन सुगम हो गया। नगर परिषद अधिकारियों के अनुसार यह कदम शहर को साफ-सुथरा और सुचारू बनाने के लिए उठाया गया। भवन हटने से क्षेत्र का सौंदर्य बढ़ेगा और सड़क पर भीड़भाड़ कम होगी। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार अशोक गोरा, कोतवाली थानाधिकारी सुखराम चोटिया, सदर थानाधिकारी बलवंत सिंह और नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। अधिकारियों ने कहा कि भविष्य में भी अवैध निर्माण और अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

शहरी सेवा शिविर का शुभारंभ

तारानगर (निसं)। तारानगर के वार्ड एक में स्थित अम्बेडकर भवन में शहरी सेवा शिविर का शुभारंभ हुआ। भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने शिविर का निरिक्षण किया एवं कहा सरकार द्वारा प्रशासन आपके द्वार अभियान के तहत वार्ड वाइज हर वार्ड में शिविर लगाये जा रहे हैं जिसका मुख्य उद्देश्य शहरी क्षेत्र में सफाई, रोशनी, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, पानी, बिजली, चिकित्सा सहित आमजन की हर समस्या का समाधान करना है इसलिए जिन जिन वार्डो में शिविर लगाये जा रहे है उस वार्ड के लोग शिविर में आकर लाभ उठाएं। नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी अजय प्रतापसिँह ने सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी एवं योजनाओं का लाभ उठाने हेतु आमजन से अपील की। इस मोके पर विद्युत विभाग के सहायक अभियंता शशिकांत मीणा, कनिष्ट अभियंता ओमप्रकाश, जलदाय विभाग से राजेश जांगिड़, राजेंद्र बगोरिया, लखुसिंह शेखावत, शक्तिसिंह राठौड़, किशन भाम्बू, नितेश उपाध्याय, गोपाल, सहित समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

ग्रामीण-शहरी सेवा शिविर आज

हनुमानगढ, (निसं)। जिले में बुधवार से ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविरों का आगाज हुआ। गुरुवार, 18 सितंबर को भादरा पंचायत समिति के निनाण एवं न्यांगल, नोहर पंचायत समिति के 22 एनटीआर एवं बरवाली, हनुमानगढ़ पंचायत समिति के गुरुसर एवं झांबर, रावतसर पंचायत समिति के 19 डीडब्ल्यूडी एवं बरमसर, पीलीबंगा के हांसलिया एवं सरारावाला, टिब्बी के गुड़िया एवं सालीवाला, संगरिया के कीकरवाली एवं लीलावाली में ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किए जायेंगे। वही हनुमानगढ़ नगर परिषद के जंक्शन स्थित उप कार्यालय में वार्ड नंबर 47 से 50 के लिए तथा नोहर नगर पालिका में वार्ड नंबर 3,4 के लिए श्री राम वाटिका, नगर पालिका भादरा में वार्ड नंबर 1, 2, 3 और 39 के लिए अंबेडकर भवन, नगर पालिका रावतसर में वार्ड नंबर 3 और 4 के लिए सामुदायिक भवन वार्ड नंबर 4 में, नगरपालिका टिब्बी के वार्ड नंबर 1 के लिए राजकीय होम्योपैथिक औषधालय में, नगरपालिका पीलीबंगा के लिए वार्ड नंबर 1 से 3 के लिए सामुदायिक भवन वार्ड नंबर 1, नगर पालिका संगरिया के वार्ड नंबर 2 के लिए बीडी अग्रवाल धर्मशाला में तथा नगर पालिका गोलूवाला में वार्ड नंबर 1 और 2 के लिए नगर पालिका परिषद निवादान में शहरी सेवा शिविरों का आयोजन होगा ।

रक्तदान शिविर का आयोजन किया

बीदासर (निसं)। अखिल भारतीय तेरापथ युवक परिषद के तत्वाधान व तेरापथ युवक परिषद बीदासर के निर्देशन में बुधवार को तेरापथ भवन के पास तेरापथ युवक परिषद के भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बीकानेर की बीकाणा ब्लड बैंक की टीम ने सांय 4 बजे तक 184 यूनिट रक्त संग्रहण किया। शिविर के सफल संचालन में तेयुप के अध्यक्ष पारस बैद, मंत्री चिराग बैंगानी, कोषाध्यक्ष प्रदीप बैंगानी, ब्लड कैंप सह प्रभारी रितिक बोथरा, ललित बांठिया, आलोक छाजेड़, रोहित बच्छावत, रोनक दुगड़, जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा के अध्यक्ष सम्पत मल बैद, महिला मंडल, कन्या मंडल, अणुव्रत समिति व अन्य संस्थाओं ने सराहनीय सहयोग दिया।

'विद्यार्थी लक्ष्य निर्धारित कर गंतव्य की ओर बढ़े, सफलता आपके कदम चूमेगी'

69वीं जिलास्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में विजेताओं को सम्मानित किया।

चूरू (निसं)। वॉरियर शूटिंग रेंज में आर्य पब्लिक स्कूल चूरू की ओर से आयोजित 69वीं जिलास्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता का समापन बुधवार को समारोह पूर्वक हुआ। समापन समारोह में अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर व माल्यार्पण कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अति. जिला शिक्षा अधिकारी (शारीरिक शिक्षा) रामूराम बुंदेला ने की। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ऋषिकुल ब्रह्मचर्याश्रम महाविद्यालय के व्यवस्थापक ईष्वर सिंह राठौड़ थे। विषिष्ट अतिथि एडवोकेट रामेष्वर प्रजापति व नरेंद्र सिंह थे। विद्यालय के निदेषक कन्हैया लाल प्रजापत व कोच पूरण सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रतियोगिता में 17 मीटर राइफल स्पर्धा में देवेन स्वामी, नितिन कुमार थालोड़ और कनिष्क शर्मा को सर्वश्रेष्ठ निशानेबाज के रूप में सम्मानित किया गया। वहीं प्रिंस शेखावत, रोहन सिंह राठौड़, निशा, जिज्ञासा दाधीच, तरुण प्रजापत, लक्ष्यवर्धन सिंह, मंजिल, रिंकू, नरेंद्र सिंह और कुलदीप ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। पदक विजेता खिलाड़ी आगामी राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में चूरू का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ईष्वर सिंह राठौड़ ने कहा कि विद्यार्थी एक लक्ष्य निर्धारित कर गंतव्य की ओर बढे, सफलता आपके कदम चूमेगी। इस दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक रंगा-रंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित स्त्रोताओं से खूब तालियां बटोरी। इस अवसर पर कोच प्रदीप सिंह, उप प्रधानाचार्य सुनीता प्रजापत, बजरंग मीना, गौतम सुलोचना, बबीता, कमल सेन, पवन, युवराज बुद्धि प्रकाश प्रजापत आदि ने कार्यक्रम में सहयोगी भूमिका निभाई।

शहर में दो स्थानों पर हुए रक्तदान शिविर

नोहर, (निसं.) शहर में बुधवार का दिन रक्तदान महोत्सव की तरह रहा। यहां रक्तदान से जुड़े दो बड़े शिविर प्रमोद पांडिया स्मृति 14वां रक्तदान शिविर व दुसरा तेरापंथ युवक परिषद के तत्वावधान में आयोजित हुआ। जिसमें युवाओं सहित महिलाओं ने भी बडी संख्या में रक्तदान किया।

स्व. प्रमोद पांडिया स्मृति सेवा संस्थान की ओर से पारीक धर्मशाला में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जयपुर से एसएमएस की ब्लड बैंक टीम नें संग्रहित किया। प्रमोद पांडिया स्मृति सेवा संस्थान के प्रमुख सुरेश पांडिया ने बताया कि उनके अनुज स्व. प्रमोद पांडिया की स्मृति में ये 14वां रक्तदान व नोहर ब्लड बैंक टीम ने रक्त शिविर आयोजित किया गया। जिसमें जयपुर एसएमएस ब्लड बैंक की टीम ने 225 यूनिट व नोहर ब्लड बैंक की टीम द्वारा दोपहर तक 117 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।

शिविर का शुभारंभ डेरा वावा अमरनाथ के महंत पंचमनाथ, विधायक अमित चाचाण व समाजसेबी सुरेश पांडिया द्वार संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर एसडीएम आई. ए. एस राहुल श्रीवास्तव, किशनलाल पांडिया, हरिराम विष्णु, विशाल, पुष्कर, राहुल पांडिय पांडिया, वां, पूजा, आरती, नेहा, हरिश पारीक, गीता पारीक, मंजू, संतीप, वेवी पारीक, चौथमल पांडिया, विनोद पांडिया, विष्णु, पारीक, किशोर पारीक सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के अनेक लोग शामिल रहे।

तेरापंथ युवक परिषद रक्तदान अमृत महोत्सव के तहत मेगा ब्लड डोनेशन ड्राईब विश्व के बृहद रक्तदान अभियान के क्रम में आज बुधवार को यहां आचार्य महाप्रज्ञ तेरापंथ भवन में अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के निर्देशन में तेरापंथ युवक परिषद नोहर के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें दोपहर तक नोहर ब्लड बैंक की टीम ने 62 यूनिट रक्त संग्रहित किया। यहां जैन समाज सहित सर्व समाज के लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

खाटू श्यामजी में होगा पुजारी सेवक महासंघ का द्वितीय प्रांतीय महाधिवेशन

सीकर/जयपुर (निसं)। राजस्थान की धार्मिक नगरी खाटू श्यामजी में पुजारी सेवक महासंघ का द्वितीय प्रांतीय महाधिवेशन 18 और 19 सितम्बर को आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन श्री श्याम चेरिटेबल ट्रस्ट, जयपुर वालों की धर्मशाला में संपन्न होगा। जिसमें राजस्थान सहित मध्यप्रदेश, गुजरात और अन्य राज्यों से बडी संख्या में पुजारी प्रतिनिधि भाग लेंगे। महाधिवेशन के मुख्य संयोजक और खाटू श्यामजी मंदिर के महंत मोहन सिंह दास महाराज ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य मंदिरों में सेवा-पूजा करने वाले पुजारियों की सामाजिक, आर्थिक और प्रशासनिक समस्याओं पर चर्चा कर उनके समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाना है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के अराजकीय मंदिरों में कार्यरत पुजारी आर्थिक संकट, प्रशासनिक उपेक्षा और सुरक्षा के अभाव जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।

विश्वकर्मा पूजा दिवस सेवा और सहयोग की मिसाल बना

शिविर में रक्तदान किया।

- पूजा-अर्चना कर विश्व मंगल की कामना की, रक्तवीरों ने रक्तदान किया

झुंझुनूं, (निसं)। विश्वकर्मा ग्रुप झुंझुनूं एवं सर्व समाज के सहयोग से बुधवार को श्री विश्वकर्मा पूजा दिवस के अवसर पर कारूडिया रोड स्थित खातियों की बगीची में द्वितीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। शिविर जिला मुख्यालय स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर झुंझुनूं में सुबह 9 बजे से प्रारंभ हुआ। शिविर में राजकीय भगवान दास खेतान अस्पताल की टीम ने रक्त संग्रह किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंचल नाथ टीला के पीठाधीश्वर ओमनाथ जी महाराज रहे। उन्होंने रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। ओमनाथ जी महाराज ने कहा रक्तदान जीवनदान है,यह ऐसा पुण्य कार्य जिससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। इस प्रकार के शिविर समाज को एकता और सेवा की भावना से जोड़ते हैं। इस मौके पर पूर्वाह्न सवा 11 बजे पण्डित रवि शर्मा के सान्निध्य में भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर विश्व मंगल की कामना की गई। इस अवसर पर समाजबंधु, सर्व समाज के लोग, युवा वर्ग, महिलाएं एवं सामाजिक कार्यकर्ता बडी संख्या में उपस्थित रहे।

युवाओं में रहा खासा उत्साहः- शिविर में युवाओं ने बढ-चढकर रक्तदान किया। कई युवाओं ने पहली बार रक्तदान कर इसे यादगार अनुभव बताया। उनका कहना था कि इस तरह के आयोजन न केवल जरूरतमंदों के जीवन को संजीवनी देते हैं, बल्कि समाज के अंदर सेवा और सहयोग की भावना को भी प्रोत्साहित करते हैं।

संयोजक विनोद सिद्ध ने बताया कि सर्व समाजबंधुओं के सहयोग से शिविर में रक्तवीरों द्वारा रक्तदान किया गया। हमारा प्रयास है कि हर वर्ष अधिक से अधिक लोग इस शिविर से जुड़ें और रक्तदान जैसे महापुण्य कार्य में भागीदारी निभाएं।

सार-समाचार

कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

चूरू (निसं)। स्थानीय दादू भवन में बुधवार को हिन्दू युवा वाहिनी का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिल्ली व उत्तर प्रदेश के प्रभारी उदयभान सिंह थे। वहीं कार्यक्रम के विषिष्ट अतिथि दिल्ली के अध्यक्ष राजीव साहनी, राजेश पुरी, सुनीता गौड, जुगल किशोर शर्मा, रमेश मोर्य, ललीत शर्मा, महेन्द्र जैन, राजेन्द्र कल्ला, सुघाकर सहल व धीरज शर्मा मंचस्थ अतिथि थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उदयभान सिंह ने कहा कि इस संगठन का उद्देश्य हिन्दू मान बिंदुओं की पुनः स्थापना करना, भय भ्रष्टाचार मुक्त भारत गोवध पर पूर्ण प्रतिबंध, छुआछूत व ऊंच-नीच के भेदभाव को समाप्त करना है। उन्होंने कहा कि आने वाला समय सनातन धर्म का है। आज विश्व में सनातन धर्म की मान्यताओं की स्वीकृति मिल रही है। इस दौरान उन्होंने नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। इस अवसर पर कमल सैनी को प्रभारी, धीरज शर्मा को जिलाध्यक्ष, कमल सैनी व तनूज भारद्वाज को महामंत्री, राजेन्द्र कल्ला को उपाध्यक्ष, कमल सोनी व सुमेर प्रजापत को मंत्री, सुशील शर्मा को कोषाध्यक्ष चुना गया। इससे पूर्व अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

डाबला रेलवे स्टेशन पर सुविधाओं का अभाव

पाटन (निसं)। डाबला रेलवे स्टेशन पर मूलभूत सुविधाओं के अभाव और रेलवे प्रशासन की अनदेखी से यात्री परेशान हैं। क्षेत्र की 8-10 पंचायतों के हजारों लोग लंबे समय से स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव, आरक्षण खिडकी, अंडरपास और पुलिया निर्माण जैसी मांगें कर रहे हैं, लेकिन समाधान नहीं हो सका।आज युवा नेता नरेन्द्र सैनी, महेश गुर्जर व अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सीकर सांसद अमराराम को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं से अवगत करवाया। प्रमुख मांगों में टनकपुर-दौराई एक्सप्रेस और दिल्ली-अजमेर जनशताब्दी का डाबला में ठहराव, अंडरपास व आईआर पुलिया का निर्माण शामिल है। इसके साथ ही नीमकाथाना से नारनौल तक मेगा स्टेट हाईवे निर्माण की भी मांग की गई, जिससे व्यापारिक गतिविधियों को बढावा मिलेगा।

जाट समाज ने पंजाब बाढ़ पीड़ितों की सहायतार्थ राशि के साथ जत्थे को रवाना किया

जाट समाज ने पंजाब बाढ़ पीड़ितों की सहायतार्थ राशि के साथ जत्थे को रवाना किया।

चूरू (निसं)। जाट समाज चूरू की ओर से पंजाब बाढ पीडितों की सहायता के लिये धन राशि एकत्रित की गई। बुधवार को स्थानीय वीर तेजा भवन से विधायक हरलाल सहारण ने आठ लाख रूपये का चैक देकर सात सदस्यों के एक जत्थे को रवाना किया। गौरतलब है कि यह जत्था बाढ़ से सर्वाधिक प्रभावित जिले गुरदासपुर तक पहुंचकर वहां धरातल पर मुस्तैदी से काम कर रही संस्था को ये राषि सौंपेंगे। आपको बता दें कि इस जत्थे के आने-जाने में परिवहन का खर्चा प्रधानाचार्य रामकुमार खीचड़ स्वयं उठायेंगे। इस अवसर पर उपस्थित समाज के लोगों ने समाज की प्रमुख संस्थाओं के सामूहिक प्रयास से चलाई की गई इस मुहिम की सराहना की। इस जस्थे में भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष रामरतन सिहाग, हेमराज फगेड़िया, यशपाल रणवां, दयानंद पूनिया, प्रदीप फगेडिया व राजेश कस्वां शामिल हैं। इस अवसर पर जाट समाज विकास संस्थान के अध्यक्ष सोहनलाल फगेड़िया, राजस्थान जाट महासभा चूरू के जिलाध्यक्ष रणवीर सिंह कस्वां, प्रो. एच. आर. ईसरान, विजयपाल लाम्बा, हरफूल सिंह बेरवाल, रामनिवास भांभू, सुमेर सिहाग, रणवीर सिंह मुनडिया, गंगाराम कड़वासरा, सुनील ढाका, रघुवीर सहारण आदि उपस्थित थे।

शहरी सेवा शिविर के पहले दिन हंगामा

राजलदेसर (निसं)। राजस्थान सरकार के द्वारा नगर पालिका क्षेत्र में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलाए जा रहे हैं शहरी सेवा शिविर के तहत पहले दिन युवा भारती स्टेडियम में वार्ड नंबर 1,34 ,35 का शिविर आयोजित किया गया जिसमें पहले दिन ही तीनों वार्डों के लोगों की लंबे समय से पानी निकासी नाला , नाली निर्माण की मांग आदि को लेकर नगर पालिका अधिशासी अधिकारी को अनेकों बार अवगत करवा चुके थे लेकिन किसी तरह की कोई सुनवाई नहीं हुई । वही नगर पालिका में दिन प्रतिदिन करीबन 8 करोड रुपए के भ्रष्टाचार को लेकर वार्ड पार्षदों एवं भाजपा कांग्रेस के नेताओं के द्वारा लगातार उच्च अधिकारियों एवं राजनेताओं को अवगत करवाया जा रहा है लेकिन किसी तरह की अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई इसी को ध्यान में रखते हुए तीनों वार्ड के लोगों ने युवा भारती स्टेडियम में शिविर में अधिशासी अधिकारी द्वारा किसी तरह की कोई सुनवाई नहीं करने पर भाजपा एवं कांग्रेस के नेताओं ने नगर पालिका के खिलाफ जमकर नारेबाजी की एवं शिविर स्थल पर ताला लगा दिया उपस्थित लोगों ने कहा जब तक हमारी सुनवाई नहीं होगी।

गिरदावरी एप का प्रशिक्षण दिया

हनुमानगढ़, (निसं)। राज्य सरकार के जन-जन के साथ, विकास और अंत्योदय मार्ग के संकल्प को साकार करने हेतु बुधवार से ग्राम पंचायत स्तर पर ग्रामीण सेवा शिविरों की शुरुआत हुई। इसी क्रम में टिब्बी ब्लॉक की ग्राम पंचायत खारखेडा में आयोजित शिविर में राजस्व विभाग की टीम ने किसानों को नई तकनीक से जोडते हुए बडा कदम उठाया। तहसीलदार हरीश कुमार टाक के नेतृत्व में राजस्व विभाग ने राज खसरा गिरदावरी और राज किसान गिरदावरी एप का प्रशिक्षण देकर किसानों को लाभान्वित किया। शिविर में 15 सर्वेयरों को एप से जोड़कर उन्हें प्रशिक्षित किया गया। साथ ही राजस्व टीम ने खेतों में जाकर 50 किसानों को एप डाउनलोड करवाकर उसकी कार्यप्रणाली समझाइ।

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2025/103 चूँकि प्रार्थी श्री Dr. OM PRAKASH SAINI, WARD NO 37, PUROHIT KI DHANI, NEW KOTHI, SIKAR RAJASTHAN 332001 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास MAHATMA JYOTIBA PHULE SHIKSHAN SANSTHAN, SIKAR, JAIPUR-JHUNJHUNNU BYPASS ROAD, NEAR RTO OFFICE VILLAGE RADHA KISHANPURA, SIKAR 332001 के सम्बन्ध मे अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है। अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 17-09-2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 26/11/2025

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-द्वितीय

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका रावतसर) जिला हनुमानगढ़

क्रमांक न०पा०रा०/कृ भू/2025/17845937 दिनांक 17-9-25

प्रारूप-10 (नियम 6 (7) देखिए) लोक सूचना

श्रीमति सुलोचना पत्नि श्री पूर्ण राम देव जाति मेघवाल साकिन ढाणी लालखां नोहर जिला हनुमानगढ़ (राज) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक आवासीय प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिवृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात जिले सहित तहसील का नाम- जिला हनुमानगढ़ तहसील रावतसर, ग्राम का नाम-8 ए एम, खसरा स 190/3 (51), क्षेत्र किला नं. 12 की 0.2530है., 13 की 0.2530 है., 18 की 2530है., 19 की 0.2530है., 22/2 की 0.2280है., 23/2 की 0.2280 है० कुल तादादी 1.4680 है. 14680 वर्गमीटर कुल तादादी- 1.4680है., इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिवृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिभूति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका रावतसर)

शहरी सेवा शिविर का शुभारंभ किया

विधायक हरलाल सहारण व जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने चूरू चौपाटी पर शहरी सेवा शिविर का शुभारंभ किया।

चूरू (निसं)। विधायक हरलाल सहारण व जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने बुधवार को चूरू चौपाटी पर शहरी सेवा शिविर का शुभारंभ किया। विधायक हरलाल सहारण ने शिविर में नगरपरिषद व अन्य विभागों के कार्मिक एवं आमजन से वार्ता करते हुए कहा कि जनकल्याण के उदेश्य से राज्य सरकार द्वारा शहरी सेवा शिविर-2025 अभियान चलाया गया है।

इस अभियान के तहत जन सामान्य से जुड़े हुए दैनिक जीवन से संबंधित कार्यों, केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं, स्वास्थ्य जांच, पट्टा जारी किए जाने से संबंधित कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्मिक निष्ठा एवं लगन के साथ शिविर में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति का त्वरित गति से कार्य करें। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने शिविर स्थल पर सभी विभागों के काउंटर का अवलोकन करते हुए सभी कार्मिकों को राज्य सरकार की मंशानुरूप अधिकाधिक लोगों को लाभान्वित करने, शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदनों/शिकायतों का शिविर के दिन ही निस्तारण करने के निर्देश दिए।

आयुक्त अभिलाषा सिंह ने बताया कि 17 अक्टूबर, 2025 तक वार्डवार शिविरों का आयोजन किया जायेगा।

शिविर में 01 भवन निर्माण स्वीकृति, 02 भूमि विक्रय एनओसी एवं 01 नामान्तरण, 10 प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 के लाभार्थियों को चतुर्थ किस्त का भुगतान, 27 जन्म-मृत्यु, विवाह पंजीयन प्रमाण कृपत्र जारी किए गए। इसी के साथ 42 सफाई, स्ट्रीट लाईट से संबंधित शिकायतों का मौके पर निस्तारण, विधुत सप्लाई में व्यवधान, त्रुटिपूर्ण मीटर, ढ़ीले तारों, मांग पत्र संबंधी कुल 12 शिकायतों का निस्तारण, खाद्य सुरक्षा योजना अन्तर्गत आधार सीडिंग, ईकेवाईसी के 20 प्रकरणों का निस्तारण, 48 लाभार्थियों की चिकित्सा जांच, 53 लाभार्थियों की एनसीडी स्क्रीनिंग, 13 लाभार्थियों की मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य जांच, 48 लाभार्थियों की टीबी मुक्त स्क्रीनिंग, 18 लाभार्थियों